आइआइएम का दीक्षा समारोह आज

643 छात्र-छात्राओं को मिलेगी डिग्री, तीन छात्रों को मिलेगा गोल्ड

आइआइएम के 13वें दीक्षा समारोह का आयोजन बुधवार को किया जाएगा, इससे पहले समारोह का पूर्वाभ्यास करते विद्यार्थी। ● संस्थान

नया रायपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) का 13वां दीक्षा समारोह का आयोजन आज दोपहर तीन बजे से शबरी मैदान में होगा। दीक्षा समारोह में छात्रों को तीन गोल्ड और एक ओवरआल विजेता पदक दिया जाएगा। आयोजन से पहले मंगलवार को पूर्वाभ्यास हुआ, जिसमें सभी छात्र-छात्र उपस्थिति रही। समारोह में पीजीपी 2022-24 के 298 और ईपीजीपी के 184 छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी। इसके अलावा उन छात्रों को भी डिग्री दी जाएगी जो कोविड के दौरान नहीं आ पाए थे। समारोह में शामिल होने के लिए छात्रों के लिए फार्मल शर्ट-पैंट और छात्राओं के लिए सफेद क्रीम रंग की साड़ी ड्रेस तय की गई है।

124 एलुमिनाई को भी बांटी जाएगी डिग्री

29 अक्टूबर 2021 को संस्थान ने अपना नौवां और दसवां दीक्षा समारोह आनलाइन आयोजित किया था, जिसमें छात्रों को आनलाइन के माध्यम से ही डिग्री बांटी गई। लेकिन 13वें दीक्षा समारोह में उन छात्रों को भौतिक रूप से डिग्रियां मिलेंगी। 18-20 और 19-21 के 124 एलुमिनाई को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस संबंध में संस्थान के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी का कहना है कि किसी भी छात्र के लिए दीक्षा में शामिल होकर डिग्री लेना गौरव का क्षण होता है। कोविड काल में जिन्हें यह खुशी नहीं मिल पाई थी, उन्हें मौका मिल सकें, इसलिए इस साल के दीक्षा में उन्हें भी आमंत्रित किया गया है।

इतने छात्र-छात्राओं को दी जाएगी डिग्री

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट वर्ष 2021-23 (आइएसई छात्र) : 22

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट वर्ष 2021-23 (अदर रीजन छात्र) : 04

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट वर्ष 2022-24 : 298

ईपीजीपी - 184

एफपीएम - 06

ईएफपीएम - 05

एलुमिनाई बैच 2018-20 और 2019-21 के छात्र - 124

Naiduniya, 10th April 2024, P.VI, (Raipur City)